मूल्यः एक रूपया

कामधेनु स्टील

# इस्पात संदेश

Email: kamdhenu@kamdhenuispat.com, Website: www.kamdhenuispat.com, www.colourdreamz.com www.facebook.com/kamdhenuispatlimited

आई एस ओ 9001–2000 सम्मानित कंपनी कामधेनु इस्पात लिमिटेड की गृह पत्रिका, वर्ष–14, अंक–3, मार्च 2014

किसी भी तरह की व्यापारिक जानकारी हेतु टोल फ्री कामधेनु हेल्प लाइन – 1800 1800 545

## कामधेनु ने हिमाचल प्रदेश के डीलरों में भरा जोश









बुनियादी ढांचा क्षेत्र में देश की दिग्गज कंपनियों में से एक कामधेनु इस्पात लिमिटेड ने जयपुर में हिमाचल प्रदेश के डीलरों की भव्य बैठक आयोजित की। जयपुर के शानदार होटल कैंबे गोल्फ रिसॉर्ट में 8 और 9 मार्च 2014 को हुई इस बैठक से कामधेनु ने हिमाचल प्रदेश के डीलरों को जोश से भर दिया।

हिमाचल प्रदेश की इस सालाना डीलर्स मीट में राज्य के करीब 200 डीलर शामिल हुए थे। इस कार्यक्रम में डीलरों को श्री सुनील अग्रवाल, निदेशक, कामधेनु इस्पात लिमिटेड और श्री राकेश मिसरी, जी एम, कामधेनु इस्पात लिमिटेड ने संबोधित किया। साथ ही इस बैठक में लाइसेंस यूजर एग्रीमेंट के तहत राज्य में कामधेनू टीएमटी की निर्माता कंपनी हिम एलॉयस के निदेशक श्री ए के अग्रवाल और श्री अभिषेक राजा, रेडिएंट कास्टिंग के डायरेक्टर श्री एस के शर्मा एवं श्री सिंगला स्टील के श्री प्रेम शर्मा भी कार्यक्रम में शरीक हुए हैं।

डीलरों में बेहतर प्रदर्शन के लिए जोश भरते हुए कामधेनु इस्पात लिमिटेड के निदेशक श्री सुनील अग्रवाल ने कहा, "बेहतरीन उत्पादों के दम पर कामधेनु देश की चुनिंदा कंपनियों में शामिल हो गई है। कामधेनु देश की उन चंद कंपनियों में शामिल है, जो SS 10000 जैसी बेहतरीन गुणवत्ता का टीएमटी बार बना सकती हैं। SS 10000 की बाजार में ऐसी धाक जमी है कि देश के कई बड़े प्रोजेक्ट्स में इसका इस्तेमाल किया जा रहा है।" श्री अग्रवाल ने आगे कहा, "कामधेनु इस्पात लिमिटेड अपने साथ जुड़े डीलरों का पूरा ख्याल रखती है। कंपनी हर मोड़ पर डीलरों के साथ खड़ी है और उन्हें सभी जरूरी सहयोग दिया जाएगा।"

कामधेनु इस्पात लिमिटेड के महाप्रबंधक श्री राकेश मिसरी ने डीलरों को कंपनी की ओर से प्रेजेंटेशन दिया। उन्होंने डीलरों को कामधेनु के उम्दा उत्पाद SS 10000 की खूबियों और इसकी सफलता की कहानी से रूबरू कराया। उन्होंने कहा कि डीलरों की कड़ी मेहनत की बदौलत कंपनी हिमाचल प्रदेश में एक अहम मुकाम हासिल करने में कामयाब रही है।

डीलर्स मीट के दौरान बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले डीलरों को सम्मानित भी किया गया। साथ ही उन्हें इस दौरान जयपुर के पर्यटन स्थल देखने का मौका भी मिला। डीलर्स मीट के दौरान होली मिलन का कार्यक्रम भी आयोजित किया गया।

डीलरों ने भी कामधेनु इस्पात लिमिटेड को भरोसा दिलाया कि वो कंपनी की बाजार में पकड़ और मजबूत करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ेंगे। उन्होंने उम्मीद जताई कि वे जयपुर यात्रा के बाद तरोताजा होकर नई ऊर्जा के साथ अपने काम में जुट जाएंगे।





# बज गया लोकतंत्र के महापर्व का बिगुल

पांच मार्च को चुनाव आयोग के लोकसभा चुनावों की तारीखों के ऐलान के साथ ही देश में लोकतंत्र के महापर्व का बिगुल बज गया। लोकसभा चुनाव में जीत के जरिये देश की सत्ता पर काबिज होने के लिए कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी सहित तमाम सियासी दलों ने अपनी चालें चलनी शुरू कर दी है।

इस बार 7 अप्रैल से 12 मई तक कुल 9 चरणों में लोकसभा चुनाव होंगे। वहीं सभी राज्यों में वोटों की गिनती 16 मई को होगी। मुख्य चुनाव आयुक्त वी एस संपत के मुताबिक 15वीं लोकसभा का कार्यकाल 31 मई को खत्म होगा। वहीं 31 मई से पहले 16वीं लोकसभा का गठन किया जाएगा।

चुनाव में करीब 81.4 करोड़ मतदाता अपने अधिकार का इस्तेमाल करेंगे। पिछली बार के लोकसभा चुनाव के मुकाबले इस बार 10 करोड़ मतदाता बढ़े हैं। फोटो वोटर स्लिप का पहली बार लोकसभा चुनाव में इस्तेमाल होगा। फोटो वोटर स्लिप में मतदान केंद्र की जानकारी होगी।

लोकसभा चुनावों में पहली बार ईवीएम में नोटा का विकल्प भी होगा। इसका मतलब ये है कि अगर आपको कोई भी उम्मीदवार पसंद नहीं है तो आप ईवीएम मशीन पर नोटा का बटन दबा सकते हैं।

चुनावों के ऐलान के साथ ही आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू हो गई है। वहीं चुनाव समाप्त होने के 48 घंटे पहले तक एक्जिट पोल पर रोक होगी।




# बायो टॉयलेट का बढ़ रहा है इस्तेमाल

रक्षा मंत्रालय के रक्षा अनुसंधान विकास संगठन यानी डीआरडीओ ने शहरी और ग्रामीण इलाकों में शौचालयों की दिक्कत खत्म करने करने के लिए बायो मोबाइल टॉयलेट विकसित किए है।

बायो डाइजेस्टर तकनीक पर आधारित ये शौचालय 100% रखरखाव मुक्त और शत प्रतिशत पर्यावरण के अनुकूल हैं। साथ ही इन्हें बहुत कम खर्च पर तैयार किया जा सकता है। 5 महिला और 5 पुरुष यानी 10 शौचालयों के मोबाइल टॉयलेट सेट की लागत करीब 15 लाख रुपये आती है। सबसे खास बात ये है कि ये तकनीक मानव मल को तत्काल जैव गैस में बदल देती है, जिसमें 50 से 70 फीसदी तक मीथेन गैस होती है। साथ ही 90 फीसदी तक ठोस पदार्थ खत्म हो जाते हैं, जिससे पर्यावरण को कोई नुकसान नहीं होता।

डीआरडीओ ने इस तकनीक के क्रियान्वयन के लिए एसवीके ग्रीनटेक प्राइवेट लिमिटेड सहित कई एजेंसियों को चुना है। एसवीके इस तकनीक को ज्यादा से ज्यादा लोकप्रिय बनाने के लिए दिग्गज सरकारी और निजी कंपनियों की मदद ले रही है।




# भोपाल में हुई भव्य डीलर मीट

कामधेनु इस्पात लिमिटेड अपने साथ जुड़े डीलरों के साथ सीधे संवाद पर भरोसा रखती है। इसके लिए कंपनी समय–समय पर डीलर्स मीट का आयोजन करती है। इसी कड़ी में कामधेनु इस्पात लिमिटेड ने 13 मार्च 2014 को भोपाल के होटल जहाँनुमा में भव्य डीलर्स मीट का आयोजन किया।

इस कार्यक्रम में मध्य प्रदेश के 150 से ज्यादा डीलर शामिल हुए। वहीं डीलर्स मीट में कामधेनु की ओर से वरिष्ठ महाप्रबंधक श्री एस बी शर्मा ने डीलरों को संबोधित किया। साथ ही लाइसेंस यूजर एग्रीमेंट के तहत राज्य में कामधेनू टीएमटी की निर्माता कंपनी काकड़ा रोलिंग मिल्स के निदेशक श्री नीरज गोयल, श्री अनिल गोयल और श्री विशाल गोयल भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए। डीलर्स मीट को कामधेनु इस्पात लिमिटेड के प्रबंधक श्री समीर गुप्ता ने भी संबोधित किया।

कामधेनु इस्पात लिमिटेड के वरिष्ठ महाप्रबंधक श्री एस बी शर्मा ने डीलरों को संबोधित करते हुए कहा, "आज कामधेनु ब्राण्ड के स्टील उत्पाद मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के कोने कोने में उपलब्ध हैं। FE–415, FE–500 और FE 500डी जैसे उच्च गुणवत्ता वाले टीएमटी सरिया की बदौलत मध्य प्रदेश के बाजार में कामधेनु की धाक पूरी तरह जम गई है। कामधेनु के उत्पादों की बाजार में तूती बोलती है।"

श्री शर्मा ने डीलरों को प्रेरित करते हुए कहा कि कंपनी बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले डीलरों को समय–समय पर सम्मानित करती है। कामधेनु डीलरों के साथ हर तरह से सहयोग के लिए तत्पर रहती है। कंपनी डीलरों को मार्केटिंग और अन्य जरूरी सहयोग मुहैया कराती है ताकि वे बेहतर तरीके से प्रतिस्पर्धियों का मुकाबला कर सकें।

कामधेनु इस्पात लिमिटेड की फ्रैंचाइजी लाइसेंस सहयोगी काकड़ा रोलिंग मिल्स के निदेशक श्री अनिल गोयल ने डीलरों को संबोधित करते हुए कहा, "राज्य के कोने कोने में डीलरों का नेटवर्क है, जिससे कंपनी के उत्पादों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाती है। उच्च गुणवत्ता और समय पर उत्पादों की उपलब्धता की वजह से कामधेनु ब्राण्ड आज मध्य प्रदेश के चोटी के स्टील ब्राण्ड मैं शुमार हो चुका है। कामधेनु ने अपने प्रतियोगियों से कड़ा मुकाबला करते हुए राज्य में अपनी पहचान बनाई एवं उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों का निर्माण कर रही है।"

डीलर्स मीट के दौरान बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले डीलरों को सम्मानित किया गया। साथ ही डीलर्स ने भी बाजार में कंपनी की पकड़ मजबूत करने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगा देने का भरोसा दिलाया है।



RNI. No.: DELHIN/2000/4124, Postal Regn. No. DL (E)-01/5006/2012-14
Production Date: 26.03.2014



# कामधेनु को मिला इस्पात उद्योग रत्न पुरस्कार



> कामधेनु SS 10000 टीएमटी कंपनी का सबसे प्रीमियम उत्पाद है। इसे कंपनी ने लंबे शोध के बाद विकसित किया है। कामधेनु SS 10000 अपनी श्रेणी में दोगुनी रिब, भूकंपरोधी, मजबूती और सुरक्षा देने वाला देश का पहला और इकलौता टीएमटी सरिया है। इसलिए इसे दो का दम वाला टीएमटी बार कहा जाता है

बुनियादी ढांचा क्षेत्र में देश की दिग्गज कंपनियों में से एक कामधेनु इस्पात लिमिटेड को प्रतिष्ठित इस्पात उद्योग रत्न पुरस्कार मिला है। ऑल इंडिया इंडक्शन फर्नेश एसोसिएशन यानी एआईआईएफए ने ये पुरस्कार दिया है। कामधेनु को ये पुरस्कार उसके उत्कृष्ट उत्पाद कामधेनु SS 10000 टीएमटी सरिया के विकास, आर एंड डी, और उद्यमशीलता कौशल की वजह से मिला है।

10 मार्च को दिल्ली के होटल ली मेरिडियन में आयोजित भव्य समारोह के दौरान कामधेनु इस्पात लिमिटेड के चेयरमैन श्री सतीश अग्रवाल एवं निदेशक श्री सचिन अग्रवाल ये पुरस्कार भारत सरकार के स्टील सचिव श्री जी मोहन कुमार के हाथों दिया गया।

कामधेनु SS 10000 टीएमटी कंपनी का सबसे प्रीमियम उत्पाद है। इसे कंपनी ने लंबे शोध के बाद विकसित किया है। कामधेनु SS 10000 अपनी श्रेणी में दोगुनी रिब, मजबूती और सुरक्षा देने वाला देश का पहला और इकलौता टीएमटी सरिया है। इसलिए इसे दो का दम वाला टीएमटी बार कहा जाता है जो, एक सरिये में दो की मजबूती देता है। यह अपने खास डबल–रिब पैटर्न की की वजह से सबसे मजबूत जोड़ बनाता है और कंक्रीट से 254 फीसदी ज्यादा मजबूती से जुड़कर ज्यादा मजबूत निर्माण करता है।

इसमें भूकंप से मुकाबला करने की जबर्दस्त ताकत है, जिससे यह सुरक्षित निर्माण की गारंटी देता है। इस बेहतरीन टीएमटी सरिया में अंतरराष्ट्रीय गुणवत्ता मानकों पर आधारित नवीनतम ब्रिटेन आधारित तकनीक का इस्तेमाल किया गया है।

इस्पात उद्योग रत्न पुरस्कार मिलने पर खुशी जताते हुए कामधेनु इस्पात लिमिटेड के चेयरमैन श्री सतीश अग्रवाल ने कहा, गगन चुंबी इमारतों, फ्लाइओवरों, हाइवे जैसी परियोजनाओं और उच्च भूकंप संभावना वाले क्षेत्रों में निर्माण की सख्त निर्माण नियमों को ध्यान में रखते हुए कामधेनु SS 10000 का विकास किया गया है। यह कंक्रीट और स्टील का बेजोड़ जोड़ बनाता है और कंक्रीट के सही मिश्रण से 10,000 पीएसआई तक की मजबूती देता है।

कामधेनु SS 10000 के विकास में कामधेनु इस्पात लिमिटेड के डायरेक्टर श्री सचिन अग्रवाल की अहम भूमिका रही है। कामधेनु SS 10000 के विकास से जुड़े प्रोजेक्ट का नेतृत्व श्री सचिन अग्रवाल ने ही किया था। साथ ही उत्पाद के विकास के बाद उसकी मार्केटिंग और बाजार में इसकी कामयाबी के पीछे भी उनका बड़ा हाथ रहा है।

कामधेनु इस्पात लिमिटेड ने 1995 में राजस्थान के भिवाड़ी में एक स्टील प्लांट से शुरुआत की थी। आज कंपनी की देश भर में 50 से ज्यादा फ्रैंचाइजी उत्पादन संयंत्र है और संपूर्ण भारत में कामधेनु ब्राण्ड के इकाइयों का कुल स्टील उत्पादन क्षमता सालाना 15लाख टन तक पहुंच गई है।

## बेस्ट सपोर्टिंग डीलर ऑफ द मंथ

| मैसर्स कलावती स्टील्स | श्री विश्वजीत सिंघा | श्री मनोज सोमया |
|---|---|---|
| डीएलडब्ल्यू रोड, | मैसर्स विश्वजीत सिंघा | मैसर्स संगम स्टील |
| कक्कड़ माता, वाराणसी | दन्तन बेस्ट मेदनीपुर | सागर रोड, ललितपुर |
| उत्तर प्रदेश | पश्चिम बंगाल | उत्तर प्रदेश |
| मो. – 09415303431 | मो. – 09732532439 | मो. – 09415401887 |

Owned by KIL, L-311, Street No. 7, Mahipalpur Ext., New Delhi - 110037, Ph. 65493417, Published, Printed and Edited by Prashant Kumar, News Communications, 106-Sadbhawana, 13 I.P. Extn., Delhi 110092 and published from News Communications, 106-Sadbhawana, 13 I.P. Extn., Delhi - 110092, Tel: 011- 22726433, Fax: 011-22726450, Email: news1@vsnl.com

Printed at Chandu Press, D-97, Shakarpur, Delhi-110 092